एक नजर में

कन्हैयालाल पुष्पद को दी भावभीनी विदाई

राजगढ़ 31 मई, का. जिला मुख्यालय स्थित पुरा विश्राम गृह में लंबे समय तक सेवाएं देने वाले मुख्य रसोइए कन्हैयालाल पुष्पद की सेवानिवृत्ति पर शनिवार रात भावभीना विदाई समारोह आयोजित किया. इस अवसर पर उन्हें पुष्पमालाएं पहनाकर, शॉल-श्रीफल भेंट कर तथा साफा बांधकर सम्मानित किया गया. आतिशबाजी के बीच उपस्थित लोगों ने उनके लंबे सेवाकाल और समर्पित कार्यशैली को याद करते हुए शुभकामनाएं दीं. समारोह में वक्ताओं ने कहा कि श्री पुष्पद ने वर्षों तक विश्राम गृह में सेवाभाव के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया. अपने व्यवहार, कार्यकुशलता और स्वादिष्ट व्यंजनों के कारण उन्होंने अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और आगंतुकों के बीच विशेष पहचान बनाई है. इस अवसर पर अजय शर्मा, हर्षान्त इंग्ले, प्रेम गुर्जर, सैय्यद फिरोज, देवराज चौहान, संदीप कटारिया सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

वाजपेयी शक्ति केंद्र पर सुनी मन की बात

राजगढ़ 31 मई, सं. अटल बिहारी वाजपेयी शक्ति केंद्र के वार्ड क्रमांक 08, बूथ संख्या 113 पर आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 134वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना गया. यह कार्यक्रम बूथ अध्यक्ष महेंद्र प्रजापति के निवास स्थान पर आयोजित हुआ. मन की बात कार्यक्रम की समाप्ति के बाद बूथ पर उपस्थित वरिष्ठ जनों का फूल-मालाओं से स्वागत व सम्मान किया गया. इस गरिमामय अवसर पर शक्ति केंद्र के मन की बात प्रभारी मोहम्मद शफीक खान, पूर्व पार्षद पंडित ओम प्रकाश शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष दीपक शर्मा, युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष के.पी. पंवार, वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज सेंगर और पूर्व बूथ अध्यक्ष जितेंद्र बना सहित अनेक गणमान्य नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

महाराणा प्रताप जयंती पर चल समारोह 7 को

सारंगपुर 31 मई, सं. महाराणा प्रताप उत्सव समिति द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती पर रविवार 7 जून को विशाल चल समारोह एवं आम सभा का आयोजन होगा. रविवार प्रातः 10 बजे से राठी मांगलिक परिसर से समस्त राजपूत सरदार का विशाल चल समारोह जिसमे बेंड, डिजे ढोल, घोड़ी एवं खुली गाड़ी के साथ निकाली जावेगी. उक्त चल समारोह न्यू बस से शुरू हो कर नया अस्पताल, बाग कुआँ टंकी चौक, जमा मज्जिद, सरदार बाजार से निकल कर भेरू दरवाजा चोरहा होकर,महाराणा प्रताप चौराहे से राठी परिसर पहुंचेगा. जहा पर विशाल आम सभा होगी. जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजवर्धनसिंह, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयवर्धनसिंह, पूर्व उर्जा मंत्री एवं जिलाध्यक्ष प्रियव्रतसिंह, मुखिया, करणी सेना परिवार जीवनसिंह शेरपुर, विशेष अतिथि पूर्व विधायक शुजालपुर जसवंतसिंह हाड़ा, अजीतसिंह खड़ी डोडिय, रामवीरसिंह सिकरवार, दीपसिंह सोनगरा, शैलेन्द्रसिंह झाला, मनोजसिंह हाड़ा उपस्थित रहेगे. समिति के सदस्यों ने बताया की सभी राजपूत सरदार अपनी वेषभूषा में साफा बांधकर आये.

तूफानी हवाओं ने बदला मौसम का मिजाज

50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाओं ने कोहराम मचाया, पेड़, टीन शेड, विद्युत पोल उखड़े, रातभर अंधेरे में रहे लोग

जिले भर में एक जैसे रहे मौसम के हालात, कई जगह नुकसान

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/पड़ाना/कुरावर 31 मई, का. शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे के लगभग अचानक बदले मौसम के मिजाज ने देर रात तक चलने वाली गर्म हवाओं की हैकड़ी तोड़ दी. पहले तो तेज हवा आंधी ने कोहराम मचाया फिर बारिश ने मौसम में ठंडक घोल दी. इस ठंडक के पहले 30 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तेज हवा-आंधी ने चहुंओर कोहराम मचा दिया.

अचानक मौसम का मिजाज बदलने से लोग उम्मींद कर रहे थे कि ठंडी हवाएं गर्मी से राहत दिलायेगी. इन हवाओं ने जब अचानक आंधी का रूप ले लिया तो हर किसी की सांसे जैसे थम सी गई. सड़क पर धूल भरी आंधी, लोगो के कपड़े, छत के समान, टीन शेड, तार, बर्तन आदि जब हवाओं में घूमकर सड़कों पर बिखरने लगे तो हर कोई हैरान होता चला गया.

करीब 25 से 30 मिनिट तक के चक्रवात के साथ आई भीषण आंधी और तेज हवाओं ने पूरे क्षेत्र में भारी तबाही मचाई है. करीब घंटे भर धूल भरी तेज हवाओं के बाद अचानक बारिश का दौर शुरू हो गया. जिले में कई स्थानों पर हल्की बूंदाबांदी तो कहीं-कहीं तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश दर्ज की गई. इस प्राकृतिक संकट के बीच जैसे ही तेज हवाएं शुरू हुईं, पूरे जिले की बिजली गुल हो गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी, उमस और घने अंधेरे के बीच रात गुजारनी पड़ी.

गर्मी से तो राहत मिली लेकिन आंधी के कारण कई विद्युत पोल, तार आदि क्षतिग्रस्त हो गए. इस कारण विद्युत वितरण कंपनी ने लगभग ब्लैक आऊट कर दिया. सुबह तक बिजली बंद होने से लोगो की रात निकलना मुश्किल हो गई.

ब्यावरा में रात को गई बिजली सुबह लौटी ब्यावरा शहर में शनिवार रात करीब 10.30 बजे जैसे ही तूफान ने रफ्तार पकड़ी, बिजली विभाग ने सुरक्षा के मद्देनजर सप्लाई बंद कर दी. विभाग को आशंका थी कि तेज आंधी के कारण बिजली के केबल टूटकर गिर सकते हैं. शहर के गुना नाका इलाके में रात 11 बजे गुल हुई बिजली रविवार सुबह 4 बजे वापस आ सकी. इस दौरान स्थानीय नागरिकों को उमस और अंधेरे में जागकर रात काटनी पड़ी.

फॉल्ट से पड़ाना में ठप हुई सप्लाई, रामलीला स्थगित पड़ाना और आसपास के क्षेत्रों में रात करीब 11.30 बजे आए तूफान से अफरा-तफरी मच गई. तेज हवाओं के कारण कई घरों की छतों से चद्दर और टीन उड़ गए.

आंधी तूफान से ग्राम मगराना में चल रहे 10 दिवसीय रामलीला मंचन के कार्यक्रम को आंधी-तूफान के कारण बीच में ही स्थगित करना पड़ा.

बिजली विभाग के अनुसार, तेज हवा के चलते पोल पर लगे तार आपस में टकरा गए. जिससे कई जगह जम्पर फुक गए और पूरी लाइन में फॉल्ट आ गया. पड़ाना में शनिवार रात 11.30 बजे गुल हुई बत्ती रविवार सुबह 11.00 बजे मरम्मत के बाद ही चालू हो सकी.

गांवों में हाहाकार, 19 घंटे बाद आई बिजली

शहरी इलाकों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में हालात और भी बदतर रहे. ब्यावरा के आसपास के कई गांवों में शनिवार रात 11 बजे से ठप हुई बिजली अगले दिन रविवार शाम 6 बजे के बाद ही बहाल हो सकी. करीब 19 घंटे तक बिजली गायब रहने से ग्रामीणों को पीने के पानी की किल्लत और दैनिक कार्यों में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. भीषण गर्मी के कारण लोग रात में सो भी नहीं पाए.



कुरावर में लाखों का टीन शेड धराशायी, पेड़ उखड़े

तूफान ने कुरावर में भारी नुकसान पहुंचाया. नगर परिषद द्वारा ट्रेंचिंग ग्राउंड पर लाखों रुपये की लागत से बनाया गया एक बड़ा टीनशेड आंधी का दबाव नहीं झेल सका और पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर आ गिरा. कुरावर में ही एक मंदिर के समीप लगा सालों पुराना विशालकाय पेड़ अपने गोल सीमेंटेड बेस (चबूतरे) सहित उखड़कर जमीन पर आ गिरा. इसके अलावा सारंगपुर, नरसिंहगढ़ और ब्यावरा में भी दर्जनों पेड़ धराशायी होने की खबरें हैं.

फलों से लदा आम का पेड़ गिरा

पड़ाना के समीप मगराना के जंगल-खेत में लगा एक फलदार आम का विशाल पेड़ तेज हवा के झोंके से जड़ से टूटकर गिर गया, जिससे किसान को बड़ा नुकसान हुआ है.

जिले में शासकीय नि:शुल्क शव वाहन सेवा शुरू

राजगढ़ 31 मई, का. जिले के नागरिकों को दु:ख की घड़ी में संबल प्रदान करने और प्रशासनिक सहयोग देने के लिए सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है. अब राजगढ़ जिले में शासकीय नि:शुल्क शव वाहन सेवा का सुचारू संचालन किया जा रहा है. इस योजना के तहत यदि शासकीय चिकित्सा संस्थान (अस्पताल) में किसी परिजन की मृत्यु हो जाती है. तो मृतक के पार्थिव शरीर को पूरे ससम्मान उनके निवास स्थान, श्मशान घाट या कब्रिस्तान तक पहुँचाने के लिए परिवहन सुविधा दी जाएगी. प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह सेवा पूरी तरह से मुफ्त है और इसके लिए किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा.

24 घंटे उपलब्ध रहेगी सेवा आपातकालीन स्थिति को देखते हुए इस सेवा को चौबीसों घंटे चालू रखा गया है. आम नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाने के टोल फ्री नंबर 155334, 0755-2440502 मोबाइल नंबर 6269907250, 6269906944 पर संपर्क कर सकते है.यह सेवा पूर्णत: नि:शुल्क और जनता की सहायता के लिए सदैव तत्पर है. नागरिक किसी भी बिचौलिए या झांसे में न आएं और न ही किसी को कोई राशि दें. प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि इस जानकारी को अधिक से अधिक लोगों तक साझा करें ताकि जरूरत के समय किसी भी जरूरतमंद को भटकाना न पड़े और उन्हें समय पर मदद मिल सके.

वीर शिवाजी सेवा समिति के युवाओं ने संभाली कमान

बिजासन धाम भैंसवा माता में उमड़ा आस्था का सैलाब

नवभारत न्यूज

पडाना 31 मई, सं. नर्मदा मैया के परम भक्त, धर्माचार्य परम पूज्य गुरुदेव सोमेश परसाई के पावन सानिध्य में सारंगपुर तहसील के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बिजासन धाम भैंसवा माता में सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्राभिषेक महोत्सव का भव्य आयोजन जारी है. इस महोत्सव में श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है. इस विशाल धार्मिक अनुष्ठान में प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर बाबा भोलेनाथ की आराधना कर रहे हैं.

इस भव्य आयोजन को सुव्यवस्थित रूप देने और आने वाले भक्तों की सुविधा के लिए मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था से जुड़ी वीर शिवाजी सेवा समिति ने कमान संभाल रखी है. समिति के सेवादार दिन-रात पूर्ण समर्पण भाव से सेवा कार्यों में जुटे हुए हैं. उमड़ रही भारी भीड़ को देखते हुए समिति द्वारा बेहतरीन प्रबंधन किया गया है. स्वयंसेवक विभिन्न टोलियों में बंटकर सुबह से लेकर देर रात तक अपनी सेवाएं दे रहे हैं.

पार्थिव शिवलिंग निर्माण के लिए देश के विभिन्न पवित्र स्थानों से लाई गई शुद्ध मिट्टी को समिति के युवा श्रद्धालुओं तक सुगमता से पहुंचा रहे हैं, जिससे भक्तों को कतार में लंबा इंतजार नहीं करना पड़ रहा है. रुद्राभिषेक के लिए आवश्यक बेलपत्र, दूर्वा, फूल, फल, अक्षत, रोली, चंदन एवं अन्य पूजन सामग्री से सुसज्जित हजारों पूजा की थालियां समिति के सदस्यों द्वारा स्वयं तैयार की जा रही हैं. इन थालियों का वितरण पूरी तरह नि:शुल्क और व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है. भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए पंडाल के हर कोने में ठंडे और शुद्ध पेयजल की उत्तम व्यवस्था की गई है.

नर सेवा ही नारायण सेवा का संकल्प

वीर शिवाजी सेवा समिति के वरिष्ठ सदस्य सूरज जायसवाल ने बताया कि, इतने बड़े पैमाने पर हो रहे सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण में सेवा करने का अवसर मिलना परम सौभाग्य की बात है. हमारी समिति का हर एक सदस्य नर सेवा ही नारायण सेवा के संकल्प के साथ काम कर रहा है. पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने आए श्रद्धालुओं ने वीर शिवाजी सेवा समिति के कार्यों की जमकर सराहना की. भक्तों का कहना है कि भीषण गर्मी के बावजूद समिति के सेवादारों का मुस्कुराता चेहरा और सेवा भाव अनुकरणीय है.

छात्र प्रोत्साहन समारोह का आयोजन 7 जून को

पचोर 31 मई, सं. राव भाट समाज द्वारा समाज के 10वीं एवं 12वीं कक्षा में उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु छात्र प्रोत्साहन समारोह का आयोजन 7 जून को पचोर स्थित बड़ा शिवालय मंदिर में किया जाएगा. समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मार्गदर्शन भी दिया जाएगा. आयोजन समिति ने समाज के सभी छात्र-छात्राओं एवं समाजबंधुओं से कार्यक्रम में अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है. ऐसे आयोजन विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करने के साथ उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा भी प्रदान करते हैं.

भगवान देवनारायण की बारात में जमकर नाचे बाराती

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 31 मई, सं. समीप ग्राम दिग्वाड में सात दिवसीय भगवान देव नारायण की कथा के पांचवे दिन भगवान देवनारायण और धार की राजकुमारी पीपलदे का विवाह का आयोजन प्रतीकात्मक रूप से सम्पन्न हुआ. अत्यंत पवित्र और चमत्कारी विवाह में कथा व्यास सूरज सिंह बन्ना सा ने बताया कि श्री देवनारायण भगवान के आयुर्वेद ज्ञान और दैवीय शक्तियों का भंडार था वहीं धार के राजा जयसिंह की पुत्री पीपलदे के माथे पर जन्म से ही सींग था और उनके पूरे शरीर पर कुष्ठ रोग था. अपनी इस स्थिति के कारण वे बहुत दु:खी थीं. तभी देवनारायण आए जब भगवान देवनारायण गोठा जा रहे थे, तब उन्होंने रास्ते में महाकाली की आराधना की. उसी दौरान उन्हें राजा जयसिंह की बीमार पुत्री पीपलदे के बारे में सूचना मिली.

भगवान देवनारायण ने अपनी अलौकिक शक्तियों और आयुर्वेद के ज्ञान से पीपलदे के सभी रोगों को दूर कर दिया. पीपलदे पूरी तरह से स्वस्थ, सुंदर और रोगमुक्त हो गई. पुत्री के जीवन को नया रूप मिलते ही राजा जयसिंह अत्यंत प्रसन्न होते हैं. वे कृतज्ञता स्वरूप पीपलदे का विवाह भगवान देवनारायण के साथ धूमधाम से तय करते हैं.

इस विवाह में भगवान देवनारायण की बरात में नाग कन्याओं और दैत्यों द्वारा बारात की शोभा बढ़ाने का भी सुंदर वर्णन किया. इस दौरान ग्राम इकलेरा डैडी खासपुर बरु खेड़ी धनोरा अमलावता झरनिया बिलोदा पाल पलासी आदि गांव से बड़ी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित रहे.

संगठित समाज चुनौतियों से निपट सकता है

संघ का प्रांत संघ शिक्षा वर्ग के समापन पर बोले प्रांत कार्यवाह

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 31 मई,का. संगठित समाज ही चुनौतियों का सामना कर सकता है. व्यक्ति कितना भी श्रेष्ठ क्यों न हो , समाज की सामूहिक शक्ति के बिना बड़े परिवर्तन संभव नहीं हैं. संघ का मूल कार्य व्यक्ति निर्माण है. संघ के माध्यम से ऐसा व्यक्ति तैयार होता है जो संस्कारित, अनुशासित और राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानता है.

संघ के मध्यभारत प्रांत के 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग के प्रकट कायक्रम को संबोधित करते हुए उक्त विचार संघ के प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया ने व्यक्त किये. इस आयोजन में स्वयंसेवकों के सामूहिक प्रदर्शन, अनुशासन और एकरूपता ने उपस्थित हजारों लोगों को प्रभावित किया.

संघ शिक्षा वर्ग केवल शारीरिक अभ्यास का मंच नहीं बल्कि जीवन निर्माण की प्रयोगशाला है. यहां समयपालन, अनुशासन, आत्मीयता, सेवा,समरसता और टीम भावना जैसे जीवन मूल्यों का अभ्यास कराया जाता है.

स्वयंसेवकों ने सामूहिक व्यायाम, दंड संचालन, योग, शारीरिक कौशल और अनुशासित प्रस्तुति देकर संगठन की कार्यपद्धति का जीवंत प्रदर्शन किया. मंच पर मुख्य अतिथि मानस मर्मज्ञ पंडित कपिल शर्मा नीलगिरि आश्रम, वर्ग सर्वाधिकारी योगेश गौतम, जिला संघ चालक महेश यादव एवं मुख्य वक्ता प्रांत कार्यवाह हेमंत सेठिया उपस्थित रहे. वर्ग कार्यवाह कदम सिंह मीणा ने वर्ग का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर प्रशिक्षण वर्ग की गतिविधियों और उद्देश्य की जानकारी दी.

उपरोक्त कार्यक्रम में मप्र शासन के मंत्री द्वय नारायण सिंह पंवार, गौतम टैटवाल, सांसद रोडमल नागर, पूर्व मंत्री बद्रीलाल यादव सहित कई जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए. मंत्री गौतम टैटवाल गणवेश में शामिल हुए.

सामुदायिक भवन का लोकार्पण

नवभारत न्यूज, पडाना 31 मई, सं. ग्राम पडाना के लिए रविवार का दिन ऐतिहासिक बन गया. 11.30 लाख रुपए की लागत से निर्मित नवीन सामुदायिक भवन का लोकार्पण हर्षोल्लास के साथ हुआ. लोकार्पण के तुरंत बाद भवन में भाजपा कार्यकर्ताओं की गोष्ठी आयोजित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात का 134वां एपिसोड सामूहिक रूप से सुना.

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया. उन्होंने कहा यह भवन सिर्फ ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि गांव की एकता और विकास की नई पहचान बनेगा. मन की बात सुनने के बाद मंत्री टेटवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात सिर्फ रेडियो कार्यक्रम नहीं है, ये 140 करोड़ देशवासियों को जोड़ने, सकारात्मक सोच जगाने और राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनाने का महाअभियान है. उन्होंने कार्यकर्ताओं से वोकल फॉर लोकल, स्वच्छता, जल संरक्षण और आत्मनिर्भर भारत का संकल्प घर-घर पहुंचाने का आह्वान किया.

जागरुकता स्लोगन, बैनर एवं पोस्टर लेकर नगरवासियों को नशामुक्त रहने का संदेश दिया

विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर निकाली जागरुकता रैली

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 31 मई, का. विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा तंबाकू निषेध पर नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली एवं जनजागरण कार्यक्रम का आयोजन किया. इस अवसर पर संस्थान से जुड़े भाई-बहनों ने हाथों में स्लोगन, बैनर एवं पोस्टर लेकर नगरवासियों को नशामुक्त रहने का संदेश दिया तथा तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया.

रैली ब्रह्माकुमारीज के शिव वरदान भवन से प्रारंभ होकर खिलचीपुर नाका तक पहुंची. पूरे मार्ग में प्रतिभागियों ने नशामुक्ति के नारे लगाते हुए लोगों को तंबाकू एवं अन्य नशे की आदतों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया. खिलचीपुर नाका पहुंचकर उपस्थित सैकड़ों मजदूरों एवं कामगारों को तंबाकू सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों तथा इसके सामाजिक एवं आर्थिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी गई.

इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी की जिला प्रभारी बी.के. मधु दीदी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय परमपिता परमात्मा शिव इस धरती पर अवतरित होकर राजयोग की शिक्षा प्रदान कर रहे हैं, जिससे मनुष्य स्वयं के आत्म स्वरूप को अनुभव कर अपने मन और संस्कारों का मालिक बनने की शक्ति प्राप्त होती है. राजयोग के अभ्यास से व्यक्ति को व्यसनों एवं बुराइयों को त्यागने का मनोबल प्राप्त होता है. उन्होंने सभी से अपील की, कि जो भी किसी भी प्रकार के नशे अथवा व्यसन की गुलामी में फंसे हुए हैं, वे आज ही संकल्प लें कि इन बुराइयों का त्याग कर स्वस्थ, सुखी एवं सम्मानपूर्ण जीवन की ओर कदम बढ़ाएंगे.

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटिका रही, जिसके माध्यम से यह संदेश दिया गया कि पान, तंबाकू, सिगरेट, शराब एवं ड्रग्स जैसे व्यसन मानव जीवन को शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से बर्बाद कर रहे हैं. कलाकारों ने प्रभावशाली प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया.

अंत में दीपिका दीदी ने सभी लोगों को व्यसनमुक्त रहने की प्रतिज्ञा दिलाई तथा तंबाकू, शराब और अन्य नशों से दूर रहकर स्वयं के साथ-साथ परिवार एवं समाज को भी स्वस्थ और सुरक्षित बनाने का संकल्प कराया.

जिले में दो वर्षीय हठ योग संकल्प प्रारंभ

पडाना 31 मई, सं. समस्त विश्व कल्याण और सनातन धर्म की रक्षा की भावना से ग्राम मऊ खेड़ापति हनुमान मंदिर के पुजारी एवं चतरूखेड़ी महंत गुरु चरण दास महाराज ने रविवार पूर्णिमा तिथि से दो वर्ष की कठोर हठ योग तपस्या प्रारंभ की है. उन्होंने संकल्प लिया है कि आगामी दो वर्षों तक वे राजगढ़ जिले के नगर एवं समस्त गांवों में बिना किसी निमंत्रण के, सनातनी हिंदू समाज के हर वर्ग के घर-घर जाकर भिक्षा ग्रहण करेंगे. उनका कहना है कि वे बिना बुलाए किसी भी घर जा सकते हैं. तपस्या के प्रथम दिवस पर महाराज ने समीपस्थ ग्राम करौंदी जोड़ स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में अपने गुरु के यहां भिक्षा मांगी. वहां गुरु जी ने भोजन बनाकर उन्हें खिलाया और संकल्प की पूर्णता का आशीर्वाद दिया.

क्राईस्ट कॉलेज, ब्यावरा जिला राजगढ़

B.Ed. आवेदन प्रक्रिया 2026-27

प्रथम चरण (कॉलेज कोड - 384)

ऑनलाईन आवेदन एवं च्वाईस फिलिंग दिनांक 02/05/26 से 14/05/26 तक

दस्तावेजों का सत्यापन 04/05/26 से 15/05/26

सीट आवंटन 20/05/26

निर्धारित हेल्प सेंटर पर मूल दस्तावेज, टी.सी. माईग्रेशन के साथ भौतिक सत्यापन लिंक इनिशिएट कराना अनिवार्य 20/05/26 से 26/05/26 तक

महाविद्यालय के निर्धारित शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना 20/05/26 से 26/05/26

नोट- यदि किसी आवेदक को ऑनलाईन दस्तावेज सत्यापन का SMS दिनांक 14/05/2026 तक प्राप्त नहीं होता है तो ऑनलाईन आवेदन के साथ अपने सभी मूल दस्तावेज लेकर निर्धारित हेल्प सेंटर पर दिनांक 15/05/2026 के पूर्व स्वयं उपस्थित होकर सत्यापन करावे.

विशेष जो विद्यार्थी दिनांक 25/05/2026 तक शासकीय महाविद्यालय में जाकर लिंक इनिशिएट करायेंगे सिर्फ वे ही दिनांक 26/05/2026 तक फीस जमा कर प्रवेश ले सकेंगे.

योग्यता - OBC एवं Gen-50% से एवं SC, ST-45%

आवश्यक दस्तावेज-

10वीं, 12वीं, स्नातक/स्नातकोत्तर की अंकसूची, जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, ओरिजनल टीसी, माईग्रेस, आधारकार्ड, समग्र आइडी.

नोट- प्रथम स्थान पर क्राईस्ट महाविद्यालय कॉलेज कोड 384 का चयन करें

संपर्क - 9826197054, 9340135607, 9425021625, 7803874337

04 मई से -04 जून 2026